संसद सदस्यों ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 09 मई, 2015: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; राज्य सभा के उप सभापति, प्रो. पी. जे. कुरियन; राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष, श्री गुलाम नबी आज़ाद; कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य राज्य मंत्री, श्री राजीव प्रताप रूडी; तथा पूर्व उप प्रधान मंत्री और लोक सभा की आचार समिति के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में आज संसद सदस्यों ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्रा और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शेरिफ ने भी गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के चित्र का अनावरण 12 सितम्बर, 1958 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया था।